# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–12.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में नई पीढ़ी के सामर्थ्य शक्ति पर जताया भरोसा, कहा– युवा पीढ़ी भारत को जल्द ही बनाएगी विकसित राष्ट्र।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व सैनिक महासम्मेलन को किया संबोधित, कहा– देश के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं भूतपूर्व सैनिक।
- जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा में सीआईडी को गड़बड़ियों से संबंधित मिली चालीस से अधिक शिकायतें, सभी साक्ष्यों और सबूतों की गहनता से हो रही जांच।
- पश्चिमी सिंहभूम में उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, छह शक्तिशाली आईईडी बम बरामद, चतरा में अफीम तस्करी के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार।
- रांची में पहली महिला हॉकी इंडिया लीग का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में दिल्ली एस जी पाइपर्स और ओडिशा वारियर्स की टीम होगी आमने–सामने, रात्रि 8 बजकर 40 मिनट पर शुरु होगा मैच।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उन्हें युवा पीढ़ी की सामर्थ्य शक्ति पर पूरा भरोसा है। आज का युवा भविष्य का रोड मैप तैयार कर रहा है और वह सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा।

******************

राज्यभर में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर विभिन्न संस्थानों और संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजधानी रांची में रामकृष्ण मिशन द्वारा आयोजित 54वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार पूरी दुनिया के लिए प्रेरणाश्रोत है। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयो़जित कार्यक्रम में युवाओं ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श, विचार और बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं। वे देश की सीमाओं के रक्षक रहे हैं और समाज तथा राष्ट्र के प्रेरणाश्रोत तथा गौरव हैं। वे आज राजधानी रांची में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आयोजित पूर्व सैनिक महासम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज के क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में वे निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाए बिना राज्य और देश का विकास नहीं हो सकता। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। वे आज पलामू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की महिला इकाई द्वारा आयोजित महिला हुनर हाट–2025 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

******************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयो़ग, जेएसएससी की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, सीजीएल में सीआईडी को गड़बड़ियों से संबंधित चालीस से ज्यादा शिकायतें

मिली हैं। आम लोगों ने व्हाट्सएप्प चैट, फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से ये शिकायतें दर्ज करायी हैं। इस बाबत सीआईडी दो अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज कर लोगों द्वारा भेजे गए साक्ष्यों और सबूतों की पूरी गहनता से जांच कर रही है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन में बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इलाके से छह आईईडी बम को बरामद किया, जिस बम निरोधक दस्ते ने सफलता पूर्वक निष्क्रिय कर दिया है।

******************

चतरा जिला पुलिस ने कुंदा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्रामीणों से कहा है कि वे अफीम की फसलों को नष्ट कर दें।

उधर, उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई कते हुए मयूरहंड़ थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध बालू भंडारण को जब्त किया है।

******************

लातेहार जिले में एचएमपीवी के संभावित संक्रमण से निपटने के लिए सभी अस्पतालों को पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

******************

चक्रधरपुर मंडल में पावर ब्लॉक की वजह से आनंद विहार टर्मिनल–पूरी एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय के स्थान पर तीन घंटे 15 मिनट विलंब से खुलेगी। वहीं, टाटानगर–बरकाकाना–टाटानगर पैंसेंजर ट्रेन पन्द्रह जनवरी को रद्द रहेगी, जबकि 16 जनवरी को रांची– हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग् से चलेगी

******************

रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में आज पहली महिला हॉकी लीग का आगाज हो रहा है। उद्घाटन मैच दिल्ली एस जी पाइपर्स और ओडिशा वारियर्स के बीच खेला जाएगा. यह मैच रात्रि आठ बजकर चालीस मिनट पर शुरू होगा। महिला हॉकी इंडिया लीग के पहले संस्करण में चार टीमें भाग ले रही हैं। इनमें दिल्ली एस जी पाइपर्स, ओडिशा वारियर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं।

*******समाप्त*******